

**हैप्पी बर्थ-डे**

बिलासपुर की कियारा व निष्ठा को जन्मदिन पर हिमाचल दस्तक की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं



# भाजपा धरातल से जुड़ी पार्टीः कश्यप

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोले, प्रदेश सरकार ने किया चहुंमुखी विकास

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। बिलासपुर

**बिलासपुर** में शुक्रवार को प्रदेश भाजपा की ओर से प्रशिक्षक प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने की। इस प्रशिक्षक वर्ग में विशेष रूप से प्रदेश संगठन मंत्री पवन राणा, प्रदेश महामंत्री त्रिलोक जम्वाल, राकेश जम्वाल, त्रिलोक कपूर एवं पुरुषोत्तम गुलेरिया ने भाग लिया।

◆ **कहा, कार्यकर्ताओं ने मिशन रिपीट 2022 के लिए कसी कमर**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रशिक्षक प्रशिक्षण वर्ग में कुल 4 सत्रों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि भाजपा हिमाचल प्रदेश के सभी कार्यकर्ताओं ने 2022 में मिशन रिपीट के लिए कमर कस ली है। भाजपा धरातल से जुड़ी पार्टी है और भाजपा के कार्यकर्ताओं में प्रदेश में जयराम सरकार के उत्कृष्ट कार्य से बड़ा उत्साह है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा सरकार ने हिमाचल में चहुंमुखी विकास किया है। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने गत दिनों में कृषि विपणन बोर्ड की 198 करोड़ की परियोजनाएं, सरकाघाट में 94 करोड़ के विकास कार्यों को जनता को समर्पित किया। गगरेट विधानसभा क्षेत्र में 73.10 करोड़ की विकासात्मक परियोजनाओं की आधारशिला एक लोकार्पण किया। चिंतपूर्णी में 170.30 करोड़ कुल तीन दिन में 535.40 करोड़ की परियोजनाएं जनता को समर्पित की गई। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि 27 अगस्त को ही मुख्यमंत्री ने बिलासपुर में फल एवं सब्जी उप मंडी बिलासपुर में 2.84 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले बहुमंजिली परिसर का निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया गया। इस विकास की आंधी से पूरे प्रदेश में कार्यकर्ताओं में जोश है और 2022 में भाजपा का एक बार फिर सत्ता में आना निश्चित हैं। इससे पहले पहले सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बूथ स्तर की पार्टी है बूथ की रचना भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र है। भाजपा ने डिजिटल सदस्यता अभियान शुरू किया था जिसमें कोई भी व्यक्ति भाजपा का सदस्य बन सकता है। आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। वर्ग में सभी ज़िला के प्रभारी एवं सह प्रभारी उपस्थित रहे।



*बिलासपुर में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुरेश कश्यप से प्रशिक्षक प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ करते हुए।*

### भाजपा सरकार ने लागू की कल्याणकारी योजनाएं

**बिलासपुर** में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुरेश कश्यप का कार्यकर्ताओं एवं प्रमुख पदाधिकारियों की ओर से भव्य स्वागत किया गया। वह यहां भाजपा के अभ्यास वर्ग में भाग लेने के लिए पहुंचे थे। इस अवसर पर उन्होंने यहां पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश भाजपा सरकार ने अपने अढाई वर्ष के कार्यकाल में विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है। जिनका लाभ लोगों को मिल रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री स्वालंबन व आयुष्मान योजना को शुरू किया है। मुख्यमंत्री गिरहणी योजना के तहत पात्र परिवारों की महिलाओं को निशुल्क गैस सिलेंडर आवंटित किए हैं। कोरोना काल में प्रदेश सरकार ने जहां गरीब वर्ग को मुफ्त राशन उपलब्ध करवाया है वहीं अढाई लाख से अधिक लोगों की घर वापसी भी सुनिश्चित की है। वहीं केंद्र की मोदी सरकार ने मुद्रा योजनाओं को लागू किया है जिससे बेरोजगार युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर पर प्राप्त हो रहे हैं।

### आईटीबीपी से रिटायर्ड जवानों को मिलेगा तीन साल का लाभ

**नादौन।** रिटायर्ड अर्ध सेनिक वल कल्याण एसोसिएशन बताया कि सुप्रीम कोर्ट व माननीय हाई कोर्ट ने आईटीबीपी से जो 57 साल की आयु में रिटायर हो गए हैं। उन्हें तीन साल के और बैनिफिट दिए जाएं। यानि उनकी रिटायरमेंट आयु भी 57 की बजाए 60 साल मानी जाए। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष रिटार्यड डिप्टी कमांडेंट चौधरी चंदू लाल ने इसके लिए माननीय सुप्रिम कोर्ट व माननीय हाई कोर्ट का अभार प्रक्ट करते हुए कहा कि इससे हजारों आईटीबीपी के जवानों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि आईटीवी के इस वर्ग की लड़ाई देव शर्मा ने माननीय हाई कोर्ट व माननीय सुप्रिम कोर्ट में मजबूती के साथ लड़ी जिसका लाभ इस वर्ग को मिला है। उन्होंने 57 वर्ष की आयु पूरी करके रिटायर हुए आईटीबीपी के जवानों से आग्रह किया है कि वह इसका लाभ लेने के लिए आवेदन फार्म अपनी बटालियन व डायरेक्टर जनरल कार्यालय को भेजना होगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी को किसी प्रकार की दुविधा हो तो वह उनसे संपर्क कर सकते हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### बंबर ठाकुर पॉजीटिव आने के बाद आइसोलेट

**बिलासपुर।** बिलासपुर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर की कोरोना पॉजीटिव रिपोर्ट आने के बाद उन्होंने अपने आप को घर पर ही आईसोलेट कर लिया है। जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव श्रीराम शर्मा ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर बिल्कुल स्वस्थ हैं भले ही उनकी कोरोना रिपोर्ट पॉजीटिव आई है मगर उन्हें किसी प्रकार का जुकाम बुखार या गले में दर्द नहीं है वह बिल्कुल स्वस्थ हैं। सरकार के नियमों का पालन करते हुए उन्होंने अपने आप को अपने घर और मैं आइसोलेट कर लिया है। श्रीराम शर्मा ने बताया कि लोगों को उनके बारे में चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। वे जल्द ही स्वस्थ होकर गरीबों की सेवा में जुट जाएंगे।

### धनवंती ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त

**बिलासपुर।** लाडली फाउंडेशन के राज्य महासचिव बिलाल शाह ने राज्य अध्यक्ष शालू की सहमति से श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सवाहण की निवासी धनवंती ठाकुर को लाडली फाउंडेशन का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। लाडली फाउंडेशन कि नवनियुक्त श्री नयना देवी ब्लॉक अध्यक्ष धनवंती ठाकुर का कहना है कि भविष्य में उनका यही उद्देश्य है कि कहीं भी कोई सामाजिक विसंगती न हो। उन्होंने कहा कि वह सक्रिय होकर महिला सशक्तिकरण एवं युवाओं को नशे से दलदल से निकालने के लिए कार्य करते रहेंगी।



*टौणीदेवी। राष्ट्रीय उच्च मार्ग 70 बिलकुल खड्ड में तबदील हो चुका है। टौणीदेवी बाजार में इसकी सबसे बदतर हालत इस समय कभी भी देखी जा सकती है। यहां यह कहना संभव होगा कि सड़क पर गड्ढे नहीं बल्कि गड्ढों से सड़क गुजारी गई है। यहां पर हर दिन कोई न कोई वाहन चालक दुर्घटना का शिकार भी हो रहा है। -हिमाचल दस्तक*

### झंडूत्ता में शेष बची पंचायतों का होगा गठन

**झंडूत्ता।** विधानसभा झंडूत्ता में शीघ्र ही शेष बची पंचायतों का गठन होगा। यह बात भाजपा महामंत्री दिनेश चंदेल ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कुछ कांग्रेस नेताओं की भ्रामक बयानबाजी पर लगाम लगाते हुए कहा कि कांग्रेसी बताएं की उनके कार्यकाल में कितनी पंचायतें बनी हैं आज हम बता दें कि जिन पंचायतों का जिक्र ये कर रहे हैं उनकी आबादी कम है। अगर यह करनी ही थी तो आज उनको यह क्यूं लग रहा है कि ये भी होनी चाहिए। यह विचार पहले क्यूं नहीं आया। यह साफ जाहिर है कि कांग्रेसी लोगों को बौखलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो बड़ी पंचायतें बची हैं वे भी विधायक जीतराम कटवाल कुछ प्रक्रियाएं करवाने के बाद बनवाने जा रहे हैं। चंदेल ने कहा कि विधानसभा झंडूत्ता की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 31 अगस्त को करने जा रहे हैं। इस मौके पर भाजपा व्यापार मंडल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अनिल धीमान, भाजपा के वरिष्ठ नेता कांशी राम, जग्गी, सुरेंदर सिंह उपस्तिथत रहे।

### बेनला ब्राह्मणा ने लगाया अनदेखी का आरोप

**बिलासपुर।** बिलासपुर की ग्राम पंचायत कंदरौर के तहत बेनला ब्राह्मणा के ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाया है। इस गांव के लोगों का कहना है कि उन्होंने प्रस्ताव पारित कर बेनला ब्राह्मणा को अलग प्रस्ताव बनाने का प्रस्ताव भेजा था, लेकिन इस मामले पर गौर नहीं किया गया। इस गांव की शिव सुधार समिति ने जिला प्रशासन व सरकार से इस मुद्दे पर गौर करने की मांग की है।

### चंबोह में कंटेनमेंट जोन की पाबंदियां खत्म

**भोरंज।** भोरंज उपमंडल की ग्राम पंचायत चंबोह के वार्ड नंबर 3 गांव चंबोह में अब कंटेनमेंट जोन की पाबंदियां समाप्त कर दी गई हैं। भोरंज के एसडीएम ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं और यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। गांव चंबोह में केवल एक मकान को ही कंटेनमेंट जोन बनाया गया था। एसडीएम की ओर जारी आदेश में कहा गया है कि गांव चंबोह में कोरोना संक्रमण का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया है। गांव में संक्रमण के संभावित मामलों का पता लगाने के लिए एक्टिव केस फाइंडिंग अभियान चलाया गया था, लेकिन इस अभियान के दौरान भी कोरोना संक्रमण का कोई मामला नहीं मिला। इसलिए गांव में कंटेनमेंट जोन की सभी पाबंदियां हटा ली गई हैं।

### सुरेश बीपीएल श्रेणी संगठन के बने अध्यक्ष

**बिलासपुर।** सामान्य श्रेणी के बीपीएल वर्ग के लोगों की गुगल मीट ऐप के द्वारा राज्य स्तरीय बैठक सेवानिवृत शास्त्री जगत पाल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश भर के सामान्य वर्ग के बीपीएल श्रेणी के परिवारों की सरकार की ओर से की जा रही घोर उपेक्षा के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। अपने हितों की रक्षा के लिए सामान्य वर्ग के बीपीएल श्रेणी के लोगों ने एक संगठन बनने पर चर्चा की। इसमें सर्वसम्मति से सामान्य श्रेणी बीपीएल संघ का गठन किया गया तथा सुरेश शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष के लिए सभी न अपनी स्वीकृति प्रदान की। इस बैठक में कार्यकारिणी बनाने के लिए भी सुरेश शर्मा को अधिकृत किया गया।

### अनुबंध कर्मचारियों की नियमित करने की मांग

**गलोड़।** अनुबंध अधार पर लगे कर्मचारियों ने जागृत मुवाना, रिंकु चौधरी, संजय डोगरा, गौतम, संदीप शर्मा ने लिखित विज्ञप्ति के माध्यम से प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि वर्तमान समय में जो अनुबंध कर्मचारी कार्यरत हैं। उन्हें तीन के वर्ष की बजाए दो साल में नियमित किया जाए। उन्होंने कहा कि 2017 में चुनावों के समय यह आश्वासन दिया था कि अनुबंध काल को तीन वर्ष से घटाकर दो वर्ष कर दिया जाएगा, परंतु अभी तक सरकार ने इस विषय पर कोई टिप्पणी नहीं की है। जबकि हजारों अनुबंध कर्मी आस लगाए बैठे हैं।

### कार चालक से सौ ग्राम चरस बरामद

**शाहतलाई।** शाहतलाई पुलिस ने सुन्हाणी में कार चालक से 100.17 ग्राम चरस बरामद की हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गत देर सायं शाहतलाई पुलिस के जवान सुन्हाणी में मन्नण सड़क पर एक कार को रोका तथा उसकी तलाशी की। उससे पुलिस दल ने कार चालक से 100.17 ग्राम चरस बरामद की।
रिटायर्ड एंपलाइज बेल्फेयर एसोसिएशन ने शोक जताया

### निधन पर जताया शोक

**नादौन।** नादौन शहर के किशोरी लाल कपिल के निधन पर रिटायर्ड एंपलाइज बेल्फेयर एसोसिएशन नादौन ने शोक प्रक्ट किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्म सिंह मिन्हास, महासचिव सुदेश शर्मा, नानक चंद, शिव कुमार, ओम प्रकाश शर्मा,प्रीतम चंद आदि ने कहा कि किशोरी लाल कपिल एसोसिएशन के सदस्य रहे हैं। एसोसिएशन को उनका काफी सहयोग व मार्गदर्शन मिलता रहा है। एसोसिएशन ने शोक संलिप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाए प्रक्ट की हैं।

# भ्रष्टाचार पर बीजेपी के दिग्गज नेता शांता कुमार ने भी लगाई मुहरः राणा

हिमाचल दस्तक। हमीरपुर

**देश** और प्रदेश में जारी भ्रष्टाचारी व घूसखोरी के बोलबाले पर अब बीजेपी के दिग्गज नेता शांता कुमार ने अपनी ही पार्टी को कटघरे में खड़ा किया है। यह बात राज्य कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं विधायक राजेंद्र राणा ने यहां जारी प्रेस बयान में कही है।

राणा ने कहा कि वह लगातार बीजेपी सरकार में बदस्तूर चले भ्रष्टाचार पर जन आवाज को उठाते आ रहे हैं, लेकिन इस पर कोई सटीक कार्रवाई करने की बजाय सरकार के बचकाने बयान सामने आते हैं। राणा ने कहा कि बीजेपी के दिग्गज नेता शांता कुमार ने भ्रष्टाचार को लेकर पार्टी सुप्रीमो अमित शाह को चिट्ठी लिखकर भ्रष्टाचार को लेकर चिंता प्रकट की है। स्वाभाविक है कि जब शांता कुमार जैसे सब्र व संतोष रखने वाले अनुभव प्राप्त नेता भ्रष्टाचार से आहत हैं, तो आम जन बेखौफ चले भ्रष्टाचार से कितना आहत और प्रताड़ित होगा इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। राणा ने कहा कि जब-जब भी बीजेपी सरकार सत्ता में आई है तब-तब प्रदेश में जमीनों से लेकर आम कामों के लिए जम कर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। अभी ताजा घटनाक्रम में जिस तरह जयराम सरकार के कैबिनेट मंत्री जमीनी विवाद के बाद विजिलेंस की जांच की जद में आए हैं, तो यह खुलासा हुआ कि सत्ता के दबाव और प्रभाव में अनुमति से कई गुणा जमीनें बेखौफ खरीदी गई हैं। सत्ता के दम पर लैंड होल्डिंग सीलिंग एक्ट की धज्जियां उड़ाई गई हैं। इस जमीनी भ्रष्टाचार में मंत्री के रिश्तेदारों को भी करोड़ों की बेश्कीमती जमीन खरीद के आरोप लगे हैं। राणा ने तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश में जब जमीनी भ्रष्टाचार में सरकार के मंत्री शुमार हैं, तो जमीनी स्तर पर चले भ्रष्टाचार को कौन रोकेगा। राणा ने कहा कि सवाल यह उठता है कि जब मंत्री पर विजिलेंस की जांच शुरू हो गई थी, तो मंत्री से इस्तीफा लेना जरुरी था, ताकि जांच प्रभावित न होती। राणा ने कहा कि इस मामले की विजिलेंस ने जांच पूरी करके सरकार को सौंप दी है। मानव भारती यूनिवर्सिटी फर्जी डिग्री स्कैम, स्वास्थ्य विभाग घोटाला, ऊना जिला में कौड़ियों की जमीन हिमुडा द्वारा खरीद घोटाला, एनआईटी हमीरपुर में भर्ती फर्जीवाड़ा, आईएमएम नाहन में मनमानी व राजस्व विभाग में बदस्तूर चल रहे घूसकांड की जांचें बताती हैं कि सरकार जांच के नाम पर महज लीपापोती करने में लगी है।



◆ **कहा, प्रदेश में जब जब हुई सत्तासीन तब-तब बढ़ा भ्रष्टाचार**

### कोरोना वॉरियर्स को रात को विश्राग गृह से निकालना शर्मनाक

**भोरंज।** हमीरपुर में कोरोना वॉरियर्स के साथ जिस तरह की बदसलूकी और अपमानजनक व्यवहार हुआ है वह सरकार और प्रशासन द्वारा अपनी तथा अपने परिवार की जान जोखिम में डाल कर इस महामारी में समाज एवं मानवता की सेवा कर रहे योद्धाओं का घोर अपमान है। भोरंज विश्राम गृह से जिस प्रकार स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को रात के अंधेरे में निकाला गया, वह अत्यंत दुखद होने के साथ शर्मनाक भी है।

इन कोरोना वॉरियर्स को भोरंज विश्राम गृह से निकालने की घटना की जांच की जानी चाहिए। इस घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में स्थानीय विधायक की भूमिका प्रतीत होती है, क्योंकि वह इस विश्राम गृह का इस्तेमाल अपने निजी आवास की तरह करती हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने हमीरपुर नगर परिषद तथा जिले की विभिन्न नगर पंचायतों में आरक्षण की प्रक्रिया संपूर्ण होने के उपरांत पुनः इसको अंजाम देने के प्रशासन के निर्णय पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि प्रशासन भाजपा नेताओं के दबाव में कार्य कर रहा है और वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया को रद कर भाजपा नेताओं की राजनीतिक सुविधा के अनुरूप इसको अंजाम देने का षड्यंत्र कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और प्रशासन पंचायती राज संस्थाओं के पुनर्गठन एवं आरक्षण की प्रक्रिया में भी राजनीतिक एजेंडे के साथ कार्य कर रहे हैं, जिसकी वजह से जनता में भारी नाराजगी व्याप्त है।

### धार्मंतरण रोकने को ठोस कदम नहीं उठा रही सरकार



*बिलासपुर। बिलासपुर में शुक्रवार को हिंदू जागरण ने प्रदेश महामंत्री कमल गौत्तम की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया। इस दौरान हिंदू जागरण मंच ने प्रदेश महामंत्री कमल गौत्तम ने प्रदेश भाजपा सरकार पर तुष्टीकरण की नीति को स्पष्ट नहीं करने के बिलापसुर में आरोप लगाए। उन्होंने कहा हिमाचल प्रदेश में धर्मांतरण को रोकने के प्रति सरकार ठोस नीति नहीं बना पाई है। जब हिंदुओं पर कोई अत्याचार, धर्मांतरण व लव जेहाद की घटना पेश आती है तो प्रदेश सरकार इन कुप्रथाओं को रोकने के प्रति बेवश व लचर नजर प्रतीत होती है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि तीन वर्षों के कार्यकाल में लावारिश गौवंश की रक्षा के प्रति ठोस नीति नहीं बनाने के लगाए आरोप लगाते हुए कहा कि हिंदू जागरण मंच ने प्रदेश भाजपा सरकार से आग्रह किया कि लावारिश गौ वंश की रक्षा के प्रति शीघ्र उठाए सकरात्मक कदम जाएं। -हिमाचल दस्तक*

### सत्या भारती फाउंडेशन ने स्किल फेस्ट 2020 एचपी का आयोजन किया

**नादौन।** हिमाचल प्रदेश समग्र शिक्षा अभियान और सत्या भारती फाउंडेशन द्वारा स्किल फेस्ट 2020 एचपी का आयोजन किया गया, जिसमें हर घर पाठशाला के माध्यम से प्रदेश के हर विद्यालय में 19 से लेकर 24 अगस्त तक विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस आयोजन को 4 कैटेगरी में किया गया जिसमें पहली से पांचवी तक प्रथमए छठी से आठवीं तक द्वितीय, नवमी और दशमी तृतीय और 11वीं, 12वीं कक्षा को चतुर्थ कैटेगरी में रखा गया। इन सभी का पांच दिवसीय प्रतियोगिताओं में अलग-अलग परिणाम निकाला गया। राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नादौन में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य विनूप सिंह की अगुवाई में छात्राओं द्वारा इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया गया जिसमें तीन कैटेगरी सम्मिलित हैं। इन 5 दिवसों में सुलेख प्रतियोगिता, वर्तमान कोरोना संकट को आधार बनाकर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, बेकार पदार्थों के द्वारा उपयोगी वस्तुओं का निर्माण करना, कोरोना योद्धाओं के लिए नारा लेखन और रचनात्मक लेख प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

# बीपीएल में अमीरों को जगह, गरीब दरकिनार

## बीपीएल में पारदर्शिता लाने के लिए सरकार करवाए जांच

आरके सूद। बड़सर

**प्रदेश** में नियमों को दरकिनार कर आईआरडीपी और बीपीएल में गरीब बने धना सेठ असल गरीबों के हक पर कुंडली मारकर बैठे हुए हैं। सुविधा सम्पन्न लोग गरीबी का ढोंग रचकर गरीबों का हक खा रहे हैं।

हालांकि अभी प्रदेश सरकार फर्जीवाड़े से बने गरीबों के राशनकार्ड ब्लॉक करने के आदेश दिए हैं लेकिन इस बीच उन गरीब धना सेठों का क्या होगा जो गरीबी की चादर ओढ़कर पिछले कई सालों से पंचायत प्रतिनिधियों की मिलिभक्त से बीपीएल में रह कर असल गरीबों के हक को डकार रहे हैं। सरकार ने गरीबी मिटाने के लिए योजनाएं तो शुरू की हैं लेकिन असल गरीबों तक इनका लाभ नहीं पंहुच रहा है। पंचायतों में ऐसे लोगों को बीपीएल जैसी योजनाओं में डाला गया है जिनकी लाखों रुपये की आमदनी है। प्रदेश में ऐसे सैकड़ों परिवार हैं जो बीपीएल योजनाओं के दायरे में नहीं आते हैं, फिर भी पिछले कई वर्षों से इन योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। जबकि जो परिवार बीपीएल के दायरे में आते हैं वह आज भी सरकार की इन योजनाओं से कोसों दूर हैं। सरकार ने गरीबों के उत्थान के लिए बीपीएल चयन व बीपीएल से हटाने का जिम्मा पंचायतों को सौंप रखा है लेकिन पंचायतों की ग्राम सभाओं में बीपीएल चयन में पारदर्शिता नहीं दिखाई दी है। हालांकि इस से पहले भी सरकार ने बीपीएल चयन को लेकर कई शर्तें रखी हैं। लेकिन आज भी सैकड़ों परिवार हैं जो इन शर्तों को पूरा किए बिना पंचायत प्रतिनिधियों की मिलिभक्त से इन योजनाओं का लाभ ले रहे हैं, लेकिन पंचायतें भी आज तक इन फर्जी गरीबों को बीपीएल योजनाओं से बाहर करने की हिम्मत नहीं दिखा पाई है। प्रदेश की कई पंचायतों में ऐसे धना सेठ गरीब हैं। जिन्होंने गरीबी का ढोंग रचने के लिए कई प्रकार के हत्थकंडे अपनाए हुए हैं।

◆ **पंचायत प्रतिनिधियों की मदद से ले रहे लाभ**

### कागजों में हेराफेरी कर बन रहे गरीब

**बीपीएल** योजना में शामिल होने के लिए संयुक्त परिवार कागजों को तोड़-मरोड़ कर एंट्री कर रहे हैं। देखा जाए तो कई परिवार ऐसे हैं जो कागजों में तो अलग-अलग हैं लेकिन रहते एक ही छत के नीचे हैं।

### ये नहीं होंगी बीपीएल में

**सरकार** की गाइड-लाइन के अनुसार जिन लोगों के पास पक्का मकान, चार पहिया गाडी, 2500 रुपये मासिक आय का न होना, सरकारी और अर्ध-सरकारी का न होना सहित कई ऐसे दिशा-निर्देश हैं, जिनके होते हुए लोग बीपीएल में शामिल नहीं हो सकते हैं। लेकिन इस का भी पता तो तब चलेगा जब सरकार बीपीएल चयन की जांच को लेकर गंभीरता दिखाएगी।

# हमीरपुर में नगर निगम के आरक्षण प्रक्रिया को किया निरस्त

**हमीरपुर।** जिला के चारों नगर निगम के आरक्षण संबंधी प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया है जबकि इस प्रक्रिया के दौरान जिला के 14 बड़े अधिकारी उपस्थित थे, जिनमें जिला के सभी एसडीएम समेत लॉ एडवाइजर भी उपस्थित थे। अनीता वर्मा पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम सक कहा कि इस आरक्षण प्रक्रिया को निरस्त करने के पीछे प्रशासन द्वारा जो तर्क दिए जा रहे हैं। वह बिलकुल ही समझ से परे हैं। प्रशासन का कहना है कि प्रक्रिया को पूर्ण करने के दौरान प्रदेश सरकार के उच्च अधिकारी जो इस प्रक्रिया के दौरान उपस्थित थे। कुछ नियमों को समझने में नाकाम रहे जिसके कारण नगर निकायों की आरक्षण प्रक्रिया को निरस्त किया जा रहा है। क्या प्रदेश सरकार के एचएएस ऑफिसर इतने न काबिल है कि वह लॉ एडवाइजर की उपस्थिति में भी इस तरह की आरक्षण प्रक्रिया को सही ढंग से कर पाने में काबिल न हो। जिला प्रशासन द्वारा जिले की नगर परिषद हमीरपुर, नगर पंचायत सुजानपुर, नगर पंचायत नादौन, नगर पंचायत भोटा के विभिन्न वार्डों की आरक्षण प्रक्रिया के लिए आजतक संबंधित एसडीएम को अधिकृत किया गया था लेकिन अब जिला के चारों नगर निकायों के आरक्षण संबंधी प्रक्रिया जिला उपायुक्त हरिकेश मीणा की देखरेख में पूरी की जाएगी, जिसमें कुछ राजनीतिक दबाव का अंदेशा नजर आ रहा है। यदि जिला प्रशासन इस आरक्षण प्रक्रिया को निष्पक्ष रूप से नहीं करता है तो कांग्रेस पार्टी इसके विरुद्ध जल्दी में जाएगी और उसका विरोध करेगी।

# प्यारेलाल शर्मा को भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ जिला संयोजक बनने पर दी बधाई

हिमाचल दस्तक। हमीरपुर

**एपीएमसी** हमीरपुर के चेयरमैन अजय शर्मा ने शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में भाजपा के वरिष्ठ नेता प्यारेलाल शर्मा को भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ का जिला संयोजक बनने पर बधाई दी है। उन्होंने इस नियुक्ति के लिए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल, केंद्रीय राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर एवं जिला भाजपा अध्यक्ष बलदेव शर्मा का विशेष आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि प्यारेलाल शर्मा काफी लंबे समय से भाजपा के कार्यकर्ता रहे हैं एवं विभिन्न पदों पर अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए संगठन व सरकार में अपनी अहम भूमिका निभाई है। लगातार तीन बार ग्राम पंचायत डुग्घा के प्रधान रहे। हमीरपुर जिला परिषद के अध्यक्ष एवं एपीएमसी के अध्यक्ष भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को पूर्ण विश्वास है कि प्यारेलाल शर्मा अपनी नई जिम्मेदारी को बाखूबी निभाएंगे। साथ ही रविंद्र पटियाल, राजेश जरियाल, सुरेंद्र अत्री, सुदर्शन देवी, मान सिंह, सोनिया कुमारी, प्रवीण कुमार शर्मा, प्रकाश चंद, दीपराज कालिया, ऊषा बिरला, राखी, शकुंतला देवी, युद्धवीर सिंह पठानिया, चमेल सिंह, कृष्ण कुमार संजीव ठाकुर, सुमन कपिल, राज कुमारी, पृथ्वीराज शर्मा, माया देवी, सुरजीत सिंह, भोरंज सुरेश सोनी, आदर्श कांत सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्यारेलाल शर्मा को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी है।

# कार्यालय को अति शीघ्र शिफ्ट करने की मांग

**नादौन।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के इंजीनियरों द्वारा ऊहल स्टेज थई परियोजना के निर्माण में जो फजीहत हुई है, वो तो किसी से छिपी नहीं है लेकिन बिजली बोर्ड के इंजीनियर अपने लिए कार्यालय भवन का निर्माण कार्य भी ठीक ढंग से न करवा पाने से उनकी कार्य कुशलता पर सवालिया निशान लगना स्वाभाविक है। उल्लेखनीय है कि 2016- 7 में विद्युत मंडल सुंदरनगर के निर्माण कार्य के लिए लगभग 50 लाख रुपए की राशि यह कहकर स्वीकृत करवाई गई कि यह कार्यालय 1966-67 में बीबीएमबी द्वारा निर्मित भवन में चल रहा है, जो कि जर्जर हो चुका है और कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए इसमें कार्य करना खतरे से खाली नहीं है और यह कार्यालय शहर से लगभग चार किलोमीटर दूर है। विद्युत बोर्ड लिमिटिड द्वारा अनुमानित राशि स्वीकृत हो जाने के बाद इस भवन का निर्माण कार्य लगभग आठ माह पहले पूरा कर लिया गया है लेकिन अब उस कार्यालय को जरूरत के हिसाब से अर्प्याप्त बता कर वहां पर छोटा-मोटा कार्यालय या विश्राम गृह खोलने की बात हो रही है। यूनियन विद्युत मंडल सुंदरनगर का कार्यालय इस भवन में अति शीघ्र शिफ्ट करने की मांग करती है क्योंकि इस खाली पड़े भवन की स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है।

**आइनॉक्स विंड लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालयः** प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव–बसल, जिला उना –174303, हिमाचल प्रदेश
सीआईएनः L31901HP2009PLC031083 I **टेलीफोन / फैक्सः** 01975-272001 I ई–मेलः investors.iwl@inoxwind.com I वेबसाइटः www.inoxwind.com

**30 जून 2020 को समाप्त तिमाही हेतु समेकित अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण** (रुपये लाखों में)

| क्र. स. | विवरण | 30.06.2020 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित | 31.03.2020 को समाप्त वर्ष अंकेक्षित | 30.06.2019 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 9,667 | 76,019 | 25,959 |
| 2. | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) | (11,032) | (42,981) | (2,220) |
| 3. | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) | (7,327) | (27,940) | (1,416) |
| 4. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ / (हानि) (कर पश्चात्) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल] | (7,343) | (27,841) | (1,406) |
| 5. | सुरक्षित पुर्नमूल्यांकन सुरक्षित के अतिरिक्त | - | 146,372 | - |
| 6. | प्रदत्त समता अंश पूँजी (अंकित मूल्य रु 10 प्रत्येक) (गैर वार्षिकृत) | 22,192 | 22,192 | 22,192 |
| 7. | प्रति अंष आय रु 10/– प्रत्येक | | | |
| | मूलभूत (रु. में) | (3.30) | (12.59) | (0.64) |
| | तरल (रु. में) | (3.30) | (12.59) | (0.64) |

टिप्पणीयाँ
1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षित किए गए तथा 28 अगस्त 2020 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गए। कम्पनी के संवैधानिक अंकेक्षकों ने 28 अगस्त, 2020 को समाप्त उपरोक्त वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
2. उपरोक्त परिणाम सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेन्जों के पास दाखिल किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांष है। अनअंकेक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्जों की वेबसाइटों (www.bseindia.com एव www.nseindia.com) एवं कम्पनी की वेबसाइट (www.inoxwind.com) पर उपलब्ध है।
3. एकल वित्तीय परिणामों पर जानकारी है : (रुपये लाखों में)

| क्र. स. | विवरण | 30.06.2020 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित | 31.03.2020 को समाप्त वर्ष अंकेक्षित | 30.06.2019 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 5,973 | 52,768 | 14,087 |
| 2. | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) | (7,277) | (34,889) | (3,560) |
| 3. | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) | (4,756) | (22,712) | (2,305) |

निदेशक मंडल के आदेश से
आइनॉक्स विंड लिमिटेड
हस्ता/–
देवांश जैन
निदेशक

स्थान : नोएडा
तिथि : 28 अगस्त, 2020